
# खान मंत्रालय ने किये खनिज उत्पादन के आँकड़े प्रकाशित

[स्रोत: पी.आई.बी.]

**खान मंत्रालय** ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में [खनिज उत्पादन] के आँकड़े प्रकाशित किये।

- वित्त वर्ष 2023-24 में कुल MCDR खनिज उत्पादन में **लौह अयस्क (275 MMT)** और **चूना पत्थर (450 MMT)** का योगदान लगभग **80%** होगा।
- **भारत विश्व में दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक, तीसरा सबसे बड़ा चूना पत्थर उत्पादक** तथा **चौथा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक** है।
    - विश्व स्तर पर, **चीन एल्युमीनियम** और **चूना पत्थर का सबसे बड़ा उत्पादक** है, जबकि ऑस्ट्रेलिया लौह अयस्क का सबसे बड़ा उत्पादक है।
- **ओडिशा** भारत का सबसे बड़ा **एल्युमीनियम अयस्क** और **लौह अयस्क उत्पादक राज्य** है। भारत में **चूना पत्थर उत्पादन में राजस्थान की हिस्सेदारी** सबसे अधिक है।
    - एल्युमीनियम अयस्क, लौह अयस्क और चूना पत्थर के **उत्पादन में निरंतर वृद्धि ऊर्जा, बुनियादी ढाँचे, निर्माण, ऑटोमोटिव तथा मशीनरी** जैसे उपयोगकर्त्ता क्षेत्रों में निरंतर मज़बूत आर्थिक गतिविधि की ओर इंगित करती है।
- **खनिज उत्पादन** की रिपोर्ट **19 राज्यों से प्राप्त** हुई, जिनमें से **लगभग 97.04% खनिज उत्पादन** का बड़ा हिस्सा **केवल 7 राज्यों तक ही** सीमित था।
    - हिस्सेदारी के अनुसार खनिज उत्पादन का क्रम - **ओडिशा (44.11%), छत्तीसगढ़ (17.34%), राजस्थान (14.10%), कर्नाटक (13.24%), झारखंड (4.36%), मध्य प्रदेश (2.44%), और महाराष्ट्र (1.45%)।**
    - शेष **12 राज्यों** की संचयी हिस्सेदारी कुल मूल्य के 3% से भी कम है।



**अधिक पढ़ें:** [खनिज उत्पादन में वृद्धि]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ministry-of-mines-published-mineral-production-data